लक्ष्य, रिया शीर्ष 100 में

साइना, सिंधू और किदांबी शीर्ष 10 में बरकरार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय युवा शटलर लक्ष्य सेन और रिया मुखर्जी विश्व बैडमिंटन की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पुरुषों और महिलाओं के एकल वर्ग में क्रमशः 76वें और 94वें स्थान के साथ शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने में सफल रहे।

बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में लक्ष्य ने 28 स्थानों की बड़ी छलांग लगाई, जबकि रिया ने 19 स्थानों का सुधार किया। पिछले रविवार को बासेल में चीन के शी युकी के खिलाफ स्विस ओपन के फाइनल में हारने से पहले ओलंपिक चैंपियन चेन लांग को शिकस्त देने वाले भारतीय खिलाड़ी बी. साई प्रणीत ने भी तीन स्थानों का सुधार किया। वह अब 19वें स्थान पर पहुंच गए और पुरूष एकल रैंकिंग में तीसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं।किदांबी श्रीकांत इसमें शीर्ष भारतीय हैं जो पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद बाद समीर वर्मा (14 वें), एचएस प्रणय (24 वें), शुभंकर डे (43 वें), परुपल्ली कश्यप (48 वें), अजय जयराम (52 वें) और सौरव वर्मा (53 वां) का नंबर है। जापान के केंतो मोमोता विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि दूसरे स्थान पर यूकी और तीसरे स्थान पर चाऊ तेइ चेन काबिज हैं। महिला एकल रैंकिंग में पी.वी. सिंधू और साइना नेहवाल क्रमशः छठे और नौवें स्थान बरकरार हैं। इसमें चीनी ताइपे की ताई जू यिंग पहले स्थान पर हैं। उनके बाद चीन की चेन युफेई और जापान की नोजोमी ओकुहारा दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। पुरुष युगल में सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी 24वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं, जबकि मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी 27वें स्थान पर हैं। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी 23वें स्थान पर बरकरार है, जबकि अश्विनी और रंकीरेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी भी 24वीं रैंकिंग को बचाने में सफल रही।

प्रजनेश मियामी मास्टर्स के क्वालीफायर्स में जीते, रामनाथन हारे

एजेंसी। मियामी

शानदार लय में चल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन सीधे सेटों में जीत के साथ मंगलवार को यहां मियामी मास्टर्स टूर्नामेंट में अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में पहुंच गए जबकि रामकुमार रामनाथन हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पिछले सप्ताह क्वालीफायर्स के जरीए इंडियन वेल्स मास्टर्स के मुख्य ड्रा में जगह बनाकर तीसरे दौर तक का सफर तय करने वाले प्रजनेश ने स्पेन के एड्रियन मेनेंडेज-मेसीरास को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज इस भारतीय खिलाड़ी ने 141वीं रैंकिग वाले खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 14 मिनट तक चले मुकाबले में छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट अपने नाम किए। अगले मैच में उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड धारक जे क्लार्क से होगा। हालांकि रामकुमार रामनाथन इटली के लोरेंजो सोनेगो की चुनौती से पार पाने में नाकाम रहे। विश्व रैंकिग में 106वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को 6-4, 6-। से हराया। मुख्य ड्रा में जगह पक्की करने वाले रोहन बोपन्ना इकलौते भारतीय हैं। वह युगल वर्ग में कनाडा के दानिस शापोवालोव के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे।

पाकिस्तानी वायुक्षेत्र बंद होने से भारत ने टेनिस टूर्नामेंटों की मेजबानी गंवाई

नई दिल्ली। बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तान का वायुक्षेत्र बंद होने के कारण भारत ने जूनियर डेविस कप और फेड कप टेनिस टूर्नामेंटों की मेजबानी गंवा दी। टेनिस का विश्व कप कहे जाने वाले अंडर 16 डेविस कप मे भाग लेने पाकिस्तान समेत 16 टीमो को भारत आना था। जूनियर डेविस कप आठ से 13 अप्रैल तक डीएलटीए परिसर मे होना था जबकि फेड कप मैच 15 से 20 अप्रैल तक होने थे। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया , पाकिस्तान का वायुक्षेत्र उस समय बंद था और भारत मे हवाई अड्डे भी हाई अलर्ट पर थे। किसी को पता नही था कि ए हालात कब तक रहेंगे लिहाजा टूर्नामेंटों को अन्यत्र कराने का फैसला लिया गया। अब दोनो टूर्नामेंट बैंकाक मे होंगे। सूत्र ने कहा , वायु क्षेत्र बंद होने से उड़ाने घूमकर आ रही है जिससे किराया और यात्रा का समय बढ रहा है। कजाखस्तान को मौजूदा हालात मे दिल्ली आने के लिए तीन चार घंटे अतिरिक्त यात्रा करनी होगी। एआईटीए से इस बारे मे पूछने पर उसके महासचिव हिरण्यमय चटर्जी ने कहा कि एआईटीए टूर्नामेंट के लिए धन नही जुटा सका। इस देश मे टेनिस के लिए धन जुटाना काफी कठिन है। हमने हाल ही मे कोलकाता मे डेविस कप की मेजबानी की और अब हमारे पास पैसा नही है। सरकार भी मदद नही करती तो हमने खुद आईटीएफ से कहा कि हम इसकी मेजबानी नही कर सकेंगे।

कोस्टा मुम्बई सिटी एफसी के कोच बने रहेंगे

एजेंसी। मुम्बई

मुम्बई सिटी को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवे सत्र के सेमीफाइनल मे पहुंचाने वाले पुर्तगाली कोच जॉर्ज कोस्टा लीग के छठे सत्र मे भी क्लब के साथ बने रहेंगे। कोस्टा ने कहा है कि वह अगले सत्र मे क्लब को खिताब दिलाकर रहेंगे।

एजपॉइन्ट इंफ्रा डेवलपर्स एल. एल. पी.
पजि. कार्यालय: गोपी राम भवन, खसरा नं. 300, सुल्तानपुर, नई दिल्ली -110030

सार्वजनिक सूचना

महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, (डीजीटीसीपी), हरियाणा ने एजपॉइन्ट इंफ्रा डेवलपर्स एल.एल.पी.(कंपनी) को दिनांक 28.01.2017 के लाइसेंस नंबर 03 के तहत ग्राम गौंछी, सेक्टर-23, फरीदाबाद, हरियाणा में 5.50625 एकड़ क्षेत्र में एक अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी विकसित करने का लाइसेंस जारी किया था।

अब एजपॉइन्ट इंफ्रा डेवलपर्स एल. एल. पी. (कंपनी) ने डीजीटीसीपी से आवेदन किया है कि वह अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के लाइसेंस को दीन दयाल जनअवास योजना, 2016 के तहत एक सस्ती प्लॉट कॉलोनी बनाने का प्रवास दिया जाए। इसके तहत डीजीटीसीपी ने ज्ञापन नंबर (LC-3861-JE(SK)-2019/6979 दिनांक: 08.03.2019) को एक LOI जारी किया है। 2017 का पूर्व लाइसेंस न. 03 की प्रतिलिपि और प्रवास लाइसेंस की LOI कंपनी की वेबसाइट www.ninex.in या डीजीटीसीपी की वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in या कंपनी के कार्यालय एसएफ -05 नाइनेक्स सिटी मार्ट, सोहना रोड, सेक्टर-49, गुरुग्राम, -122018 या जिला नगर योजनाकार, हुडा परिसर, सेक्टर -12, फरीदाबाद के कार्यालय में देखी जा सकती है।

LOI की शर्त के तहत इस सार्वजनिक सूचना के अंतर्गत इस अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी में किसी तीसरे पक्ष के धारक को, उपयुक्त लाइसेंस के प्रवास में कोई आपत्ति है तो वो अपनी शिकायत 15 दिनों के भीतर जिला नगर योजनाकार, हुडा परिसर, सेक्टर -12, फरीदाबाद के कार्यालय में दर्ज करा सकता हैं। उसके पश्चात यह माना जाएगा कि उपयुक्त लाइसेंस के प्रस्तावित प्रवास में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

कृते एजपॉइन्ट इंफ्रा डेवलपर्स एल. एल. पी.
हस्ता / -

स्थानः फरीदाबाद (हरियाणा)
दिनांकः 20.03.2019

राम मेहर गर्ग
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

सिंडिकेट बैंक, यमुना विहार शाखा
नई दिल्ली–110093
फोन नंबरः 011–22194643 मेलः 9130@syndicatebank.co.in

संदर्भ सं. : दिनांक : 18–03–2019
सेवा में,
कर्जदार :
1. विमलेश मिश्रा पत्नी संतोष कुमार मिश्रा (कर्जदार)
जे–182, गली नंबर 11, 3/1/2 पुश्ता कर्तार नगर, दिल्ली–110053
2. संतोष कुमार मिश्रा (गारंटर)
जे–182, गली नंबर 11, 3/1/2 पुश्ता कर्तार नगर, दिल्ली–110053
प्रिय महोदय/महोदया,
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना
1) हमने, आपके अनुरोध पर, कर्जदार/रों को कुल योग राशि रू. 5,39,000/– हेतु विभिन्न क्रेडिट लिमिट्स प्रदान की हैं तथा हम हमारे द्वारा प्रदान की गई विभिन्न क्रेडिट सुविधाओं का पूर्ण विवरण यहां नीचे दे रहे हैं:

क्र. सं.	सुविधा का प्रकार/ खाता नंबर	लिमिट	बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	91307790000386	539000	358535.85	30/09/2017
	योग	539000	358535.85	

i) स्विफ्ट डिजायर VXI 2014, चार पहिया वाहन नंबर DL14CB0576, चेसिस नंबर MA3EJKD1S00598603, इंजन नंबर K12MN1454233

सेवा में,
कर्जदार :
1. राजेश बाबू परमार (कर्जदार)
1/1617 मानसरोवर पार्क, निकट वैष्णो देवी मंदिर, ईस्ट दिल्ली–110032
2. सुधा परमार पत्नी राजेश बाबू परमार (गारंटर)
1/1617 मानसरोवर पार्क, निकट वैष्णो देवी मंदिर, ईस्ट दिल्ली–110032

क्र. सं.	सुविधा का प्रकार/ खाता नंबर	लिमिट	बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	91307790000526	670000	663061.96	02/05/2016
	योग	670000	663061.96	

I. स्विफ्ट डिजायर LDI 2015, चार पहिया वाहन नंबर DL5CE7328, चेसिस नंबर MA3FJEB1S00836588, इंजन नंबर K12MN2692596

सेवा में,
कर्जदार :
1. मनमोहन शर्मा (कर्जदार)
मकान नंबर एक्स–13/1सी, गली नंबर 10, ब्रह्मपुरी गढ़ी मेन्ढू, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली–110053
2. मनोज शर्मा पुत्र मनमोहन शर्मा (गारंटर)
मकान नंबर एक्स–13/1सी, गली नंबर 10, ब्रह्मपुरी गढ़ी मेन्ढू, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली–110053

क्र. सं.	सुविधा का प्रकार/ खाता नंबर	लिमिट	बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	91177790000340	600000	609070.62	30/09/2017
	योग	600000	609070.62	

I) स्विफ्ट डिजायर VXI 2015, चार पहिया वाहन नंबर DL5CE7403, चेसिस नंबर MA3EJKD1S00774779, इंजन नंबर K12MN1626286

सेवा में,
कर्जदार :
1. प्रमोद कुमार (कर्जदार)
मकान नंबर 375, गली नंबर 11, आदर्श मोहल्ला, मौजपुर, नॉर्थ, ईस्ट दिल्ली–110053

क्र. सं.	सुविधा का प्रकार/ खाता नंबर	लिमिट	बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	91177790000340	520000	5,08,568.50	31/07/2017
	योग	520000	5,08,568.50	

i) हयुंडई एकसेन्ट व्हाइट 2016, चार पहिया वाहन नंबर DL1RTA2856, चेसिस नंबर MLA741CLGM159005, इंजन नंबर G4LAGM915771
2) चूंकि आपने देय राशियों चुकाने में चूक की है, हमने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों अथवा दिशानिर्देशों के अनुसार आपका खाता उपरिवर्णित तिथि को एनपीए के रूप में सूचीबद्ध किया है।
3) ऋण दस्तावेज की सहमत शर्तों के अनुसार भुगतान में लगातार चूक के दृष्टिगत, पूरी राशि देय हो चुकी है। अतः अब राशि दिनांक 01–03–2019 से ब्याज और लागतों इत्यादि सहित बकाया है।
4) हम आपको यह भी सूचित करते हैं कि पूरी राशि के भुगतान हेतु हमारी बारम्बार सूचनाओं तथा मौखिक अनुरोधों के बावजूद, आपने अभी तक उसका भुगतान नहीं किया है।
5) आपको विदित है कि हमारे द्वारा मंजूरी की गई लिमिट आपके द्वारा स्वाधिकृत निम्नलिखित आस्ति/यों (प्रतिभूत आस्तियों) द्वारा प्रत्याभूत है
6) उपरिवर्णित कारणों के आधार पर, हम एतद्द्वारा आपसे हमारी पूरी बकाया राशि इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, हम उपरिवर्णित प्रत्याभूत आस्तियों के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 13 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करेंगे। अधिनियम की धारा 13 के अधीन हमको प्राप्त शक्तियों में अन्य के साथ (प) कर्जदार की प्रत्याभूत आस्ति का कब्जा प्राप्त करना, जिसमें प्रत्याभूत आस्ति के नकदीकरण हेतु पट्टा, समनुदेशन अथवा बिक्री द्वारा अंतरण, (पप) व्यवसाय का प्रबंधन अधिग्रहण करना, जिसमें पट्टा, समनुदेशन अथवा बिक्री द्वारा अंतरण का अधिकार तथा प्रत्याभूत ऋण की वसूली शामिल है तथा हमारे द्वारा किए गए प्रत्याभूत आस्ति के अंतरण से अंतरित प्रत्याभूत आस्ति के संबंध में सभी अधिकार अंतरिती को इस प्रकार प्रकार प्राप्त हो जाएगे जैसाकि आपके द्वारा किए गए अंतरण से प्राप्त होते।
7) उपरिवर्णित शक्तियों के प्रयोग से प्राप्त होने वाली राशि सर्वप्रथम उन सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों हेतु प्रयुक्त की जाएगी, जो कानून की दृष्टि में हमारे द्वारा समुचित उपगत किए गए हैं अथवा उनके अनुषगी हैं और द्वितीयतः हमारी उपरिवर्णित बकाया राशि, इस सूचना की तिथि से वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज चुकाने हेतु प्रयुक्त की जाएगी, तथा शेष राशि, यदि कोई होगी, आपको अदा कर दी जाएगी।
8) कृपया नोट करें कि इस सूचना की प्राप्ति के बाद, आप इस सूचना में संदर्भित किसी भी प्रत्याभूत आस्ति का बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरण, बैंक (प्रत्याभूत लेनदार) की लिखित सहमति के बिना नहीं करेंगे। यदि किया तो यह अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध होगा।
9) कृपया यह भी नोट करें कि यह सूचना पूरी बकाया राशि अथवा उसके किसी अंश की वसूली, उसकी वसूली की तिथि तक देय ब्याज एवं लागतों के साथ करने के लिए आपके विरूद्ध डीआरटी/सक्षम न्यायालय में कार्यवाही आरंभ करने के बैंक के अधिकार को प्रतिकूल प्रभावित नहीं करेगी।

तिथि : 18–03–2019
स्थान : नई दिल्ली

(प्राधिकृत अधिकारी)
सिंडिकेट बैंक

पृथ्वीराज, काइनान फाइनल में प्रवेश के करीब, महिला ट्रैप टीम शाटगन विश्व कप से बाहर

नई दिल्ली। भारत के पृथ्वीराज टी और काइनान चेनाई मैक्सिको मे चल रहे आईएसएसएफ शाटगन विश्व कप पुरूष ट्रैप फाइनल मे प्रवेश के करीब पहुंच गए है। पहला क्वालीफाइंग दौर सोमवार को खेला गया। पृथ्वीराज ने सात निशानेबाजो मे दो राउंड मे परफेक्ट 50 का स्कोर किया। चेनाई ने 49 का स्कोर किया जबकि मानवजीत संधू का स्कोर 46 रहा। अभी तीन और राउंड खेले जाने है जिसके बाद शीर्ष छह फाइनल मे प्रवेश करेंगे। इस टूर्नामेंट से तोक्यो ओलंपिक 2020 के दो कोटा स्थान तय होंगे। महिला ट्रैप टीम हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गई। शगुन चौधरी 19वें, राजेश्वरी कुमारी 36वें और वर्षा वर्मन 52वें स्थान पर रही।

बांग्लादेश के खिलाफ सैफ महिला चैम्पियनशिप सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा भारी

विराटनगर। टूर्नामेंट मे अभी तक अपराजेय रही चार बार की गत चैम्पियन भारतीय टीम का पलड़ा यहां सैफ महिला फुटबाल चैम्पियनशिप सेमीफाइनल मे बांग्लादेश पर भारी होगा। नौ बरस पहले टूर्नामेंट के आगाज के बाद से भारत कभी भी नही हारा है और चारो बार खिताब जीते है। पिछली बार 2016 मे भारत ने बांग्लादेश को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारत ने ग्रुप चरण मे मालदीव को 6-0 और श्रीलंका को 5-0 से मात दी। कोच मयमोल राकी ने कहा , टीम सेमीफाइनल के लिए पूरी तरह से तैयार है। मै अब तक के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। यात्रा से थकान तो होती है लेकिन फुटबाल ने सभी को जोड़े रखा है और देश के लिए खेलना फख्र की बात है।

रोनाल्डो यूरो क्वालीफायर्स के लिए पुर्तगाल की टीम से जुड़े

ओइरास (पुर्तगाल)। पुर्तगाल की टीम से नौ महीने तक दूर रहने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूरो 2020 के शुरू होने से पहले मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ गए। युवेंट्स के 34 साल के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी को पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सांतोस ने यूक्रेन और सर्बिया के खिलाफ घरेलू मैचों के लिए टीम मे शामिल किया है। उन्होंने 2018 विश्व कप के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नही किया है। मौजूदा यूरोपीय चैम्पियन टीम शुक्रवार को लिस्बन मे यूक्रेन के खिलाफ ग्रुप बी मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद उनका सामना सर्बिया से होगा।पुर्तगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले युवेंट्स के उनके साथी खिलाड़ी जोआओ कैंसेलो ने कहा, क्रिस्टियानो (रोनाल्डो) किसी भी टीम के लिए फायदेमंद खिलाड़ी है। हमे उसके साथ खेलने की खुशी है और वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

I, Ramesh Chand Jain R/o 36, Sainik Vihar, Pitampura, North West Delhi-110034 Inform That my Father Name is Worngly Mentioned in my document M.L JAIN Instead Of Moti Ram Jain.

PD(8428)A

पहलवान रितु टाप्स से बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली। फोगाट बहनो मे सबसे छोटी पहलवान रितु फोगाट को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टाप्स) से बाहर कर दिया गया है जिसने मिश्रित मार्शल आर्ट मे पदार्पण का फैसला किया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने रितु को टाप्स से बाहर करने का फैसला किया चूंकि उसने खुद को तोक्यो ओलंपिक 2020 के लिए उपलब्ध नही बताया है। वह सिंगापुर मे एमएमए मे पदार्पण करेगी। साइ ने एक बयान मे कहा , पहलवान रितु फोगाट को पहले टाप्स मे शामिल किया गया था लेकिन अब उसे बाहर कर दिया गया है क्योकि वह 2020 ओलंपिक नही खेलेगी। वह सिंगापुर मे मिश्रित मार्शल आर्ट मे कैरियर शुरू करने जा रही है। राष्ट्रमंडल कुश्ती मे स्वर्ण और एशियाई चैम्पियनशिप मे कांस्य पदक जीतने वाली रितु गीता और बबीता फोगाट की छोटी बहन है। साइ की बैठक मे पांच पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को तोक्यो पैरालम्पिक खेलो के लिए टाप्स मे शामिल करने का भी फैसला लिया गया। बैठक मे साइ महानिदेशक नीलम कपूर और भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने भी भाग लिया। मनोज सरकार और प्रमोद भगत (पुरूष एकल एसएल 3) , सुकांत कदम , तरूण और सुहास (पुरूष एकल एसएल 4) टाप्स मे शामिल पैरा बैडमिंटन होंगे। छह तैराको को भी 2024 ओलंपिक के लिए डेवलपमेंटल ग्रुप मे शामिल किया गया।

एक्शन में बदलाव के बाद भी नरेन की गेंदबाजी का स्तर बरकरार : क्रो

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिन गेंदबाजी कोच कार्ल क्रो ने सुनील नारायण की सराहना करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि हाल के वर्षो मे एक्शन मे बदलाव के बाद भी उन्होंने गेंदबाजी के शीर्ष स्तर को बनाए रखा है। नरेन की गेंदबाजी एक्शन को कई बार संदिग्ध पाया गया और उन्हे क्रो की देखरेख मे इसमे सुधार किया। टी20 मे अपनी उपयोगिता बनाए रखने के लिए नरेन ने बिग बैश के बाद आईपीएल मे केकेआर के लिए मे सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई जिसमे वह काफी हद तक सफल भी रहे। इंग्लैड के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले लीसेस्टरशर के पूर्व ऑफ-स्पिनर क्रो ने कहा, नरेन उंगली की चोट के कारण पीएसएल (पाकिस्तान सुपर लीग) मे नही खेल सको लेकिन वह फिट है और खेलने के लिए तैयार है। मुझे लगता है कि उनका प्रदर्शन स्तर हमेशा शानदार रहा है। इसके अलावा, अब वह बल्ले से भी योगदान दे रहे है। क्रो ने भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह शांत खिलाड़ी है जिसने उन्हें अच्छे परिणाम हासिल करने मे मदद की है। उन्होने कहा, मै पिछले दो-तीन वर्षो से केकेआर के साथ हूं और कुलदीप के साथ काम करते हुए काफी समय हो गया है। मैने उनकी प्रगति देखी है और जिस चीज ने मुझे प्रभावित किया है वह उनका जमीन से जुड़े रहना और शांत रहना। उन्होंने कहा, उसे अपनी गेंद पर बड़ा शाट लगने का डर नही है और यह उसकी खासियत है।

किंग्स इलेवन ने शहीदों को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि दी

चंडीगढ़। किंग्स इलेवन पंजाब ने फरवरी मे पुलवामा आतंकी हमले मे शहीद हुए सीआरपीएफ के पांच जवानो (पंजाब और हिमाचल) के परिवारो को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि दी। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा मे सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले मे 40 जवान शहीद हुए थे जिसमे से पांच का संबंध पंजाब और हिमाचल से था। टीम के कप्तान रविचंद्रन अश्विन और सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) वीके कौंदल की मौजूदगी मे शहीद जवानो जयमल सिंह, सुखजिंदर सिंह, मनिंदर सिंह, कुलविदर सिंह और तिलक राज के परिवारो को चेक दिए गए।

अगले पांच साल तक टी10 लीग का मेजबान होगा अबुधाबी

दुबई। अबुधाबी के जाएद क्रिकेट स्टेडियम पर 2019 सत्र से अगले पांच साल तक टी10 लीग के मैच होंगे। अबुधाबी क्रिकेट ने अबुधाबी खेल परिषद और अबुधाबी संस्कृति और पर्यटन विभाग के साथ मिलकर अगले पांच साल के लिए टी10 लीग का करार किया है। इस मौके पर यहां समुद्र किनारे एक टी10 मैच का भी आयोजन किया गया जिसमें कोलिन इंग्राम, आंद्रे फ्लेचर और ल्यूक रोंची ने भाग लिया। टी10 टूर्नामेंट पहली बार 2017 मे यूएई मे खेला गया जिसमे आठ टीमे खिताब के लिए आमने सामने थी। इस बार पहला मैच 23 अक्तूबर को खेला जाएगा।

भ्रष्टाचार में फंसे जापान के ओलंपिक प्रमुख पद छोड़ेंगे

तोक्यो। भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे जापान ओलंपिक समिति के प्रमुख सुनेकाजू ताकेदा ने मंगलवार को कहा कि वह जून के बाद अपने पद से हट जाएंगे। ताकेदा ने कहा कि उनका कार्यकाल जून मे खत्म हो रहा है जिसके बाद वह आगे काम जारी नही रखेंगे। उन्होंने हालांकि एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों को नाकार दिया। ताकेदा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के शक्तिशाली सदस्य है और इसके विपणन आयोग के प्रमुख है। वह जापान ओलंपिक समिति के अध्यक्ष के तौर पर इसके सदस्य है। उन्होंने कहा कि यह उनका खुद का फैसला है जो जापान ओलंपिक समिति के पक्ष में है। उन्होंने समिति की कार्यकारी बोर्ड की बैठक मे कहा, मै जोओसी के भविष्य को युवा पीढ़ी के हाथ मे सौपना चाहूंगा जो इसे तोक्यो ओलंपिक 2020 तक लेकर जाए। जून मे अपने कार्यकाल के अंत मे मै अध्यक्ष और समिति के सदस्य के पद से हट जाउंगा।

बल्लेबाजी क्रम को लेकर कभी शिकायत नही रहीः रहाणे

जयपुर। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे को सीमित ओवर प्रारूप मे ज्यादा मौके नही मिले है लेकिन एकदिवसीय मे बल्लेबाजी क्रम के चौथे स्थान के बारे मे वह ज्यादा सोचकर दबाव नही लेना चाहते। विश्व कप के लिए भारतीय टीम मे चौथे स्थान के लिए किसी की जगह अभी पक्की नही हुई है। इस बात की हालांकि बहुत कम संभावना है कि वह विश्व कप मे भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के दावेदार होंगे। लेकिन 90 वनडे खेल चुके रहाणे अपनी मैचों की संख्या जरूर बढ़ाना चाहेंगे। आईपीएल मे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने कहा, मुझे अपनी बल्लेबाजी क्रम के बारे मे कभी कोई शिकायत नही रही है और जहां भी मुझे मौका मिला मैने प्रदर्शन किया है। मै भारतीय टीम मे चौथे क्रम के बल्लेबाजी के बारे मे सोचकर खुद पर कोई दबाव नही डालना चाहता। मै समझता हूं कि बल्लेबाजी क्रम बहुत सारी चीजों पर निर्भर करता है। मै भारत के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हूं।

इस साल के बाद हाकी सीरिज टूर्नामेंट नही कराएगा एफआईएच

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ इस साल के बाद हाकी सीरिज टूर्नामेंट नही कराएगा ताकि सदस्य संघ उपमहाद्वीपीय क्वालीफायर और चैम्पियनशिप पर फोकस कर सकें। प्रो लीग के पहले सत्र को सफल बताते हुए एफआईएच ने कहा कि इस साल के बाद हाकी सीरिज टूर्नामेंट नही होंगे जो विश्व कप और ओलंपिक क्वालीफायर भी होते है। इसकी बजाय अधिक जोर उपमहाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंटो पर होगा। यह फैसला नरिंदर बत्रा की अध्यक्षता मे 15 और 16 मार्च को एफआईएच कार्यकारी बोर्ड की साल की पहली बैठक मे लिया गया। एफआईएच ने एक बयान मे कहा , एफआईएच सीरिज टूर्नामेंट 2019 के बाद से नही होंगे जिससे राष्ट्रीय संघ उपमहाद्वीपीय क्वालीफायर और चैम्पियनशिप पर फोकस कर सकें। विश्व कप क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की भी समीक्षा की जाएगी।

खाली करने हेतु सूचना

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा, गुजरात–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई–400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

एतद्द्वारा आवेदक/सह–आवेदक/गारंटरों/बंधकदाताओं कर्जदार कपिल बाजवा/शू वर्ल्ड बाजवा एक्सपोर्ट्स/कुणाल बाजवा/जोगिन्दर पाल बाजवा/करन बाजवा को सूचना दी जाती है कि सम्पत्ति सं. एससीजी 044, टावर जी, दि स्काई कोर्ट, सेक्टर–86, गुड़गांव स्थित सम्पत्ति, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत 12 मार्च, 2019 को प्राप्त किया जा चुका है, से चल वस्तुएं इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन की अवधि के भीतर खाली कर दें (हटा लें)।
कृपया नोट करें कि यदि आप चल वस्तुएं खाली करने (हटाने) में असफल रहेंगे, तो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सम्पत्ति की नीलामी वहां रखी चल वस्तुओं सहित करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए आप जिम्मेदार होंगे तथा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

हस्ता./–
तिथि : 20 मार्च, 2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, Mrs. Shanti Sabharwal W/o Late Sh. P.C. Sabharwal R/O Flat No. 109-F, II-Floor, Pocket-IV, DDA LIG Flats, Mayur Vihar Ph-1, Delhi-91, is the allottee of DDA LIG Flat No. 109-F, on II-Floor, Pocket-IV, Situated at Mayur Vihar Ph-I, Delhi-91, VIDE DDA File No.L94(41)89/TP, has applied for conversion of the Afore-Said Property from lease hold to freehold. The original documents i.e. Allotment Letter, Possession Letter, NOC for Water & Electricity Connection and Site Possession Slip of the above said property have been lost or misplaced by my client and and is/are not traceable inspite of her best efforts, An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No. 837505/2019 dated 18.03.2019).
Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9844232683 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (Housing) LIG or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.
Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch. No. M-7, Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that my client M/s Gem Associates owner of Property bearing No. 199-B, area measuring 233 Sq. Yards in Khasra No. 322 situated within the Abadi of Lal Dora of Village Neb Sarai Tehsil Mehrauli, New Delhi, vide Sale Deed dated 01.02.2019, doc. No. 684, in SRO VA-Delhi, in the property chain not title in favour of Ex. Capt. Ram Pal Singh and Flat No. 3 on Second Floor to be sold Ms. Hema Bisht and same property to be loan financed by AAVAS Financiers Ltd. branch RP Delhi. If any person is having objection right of claim against the said property, contact to undersigned along with supporting documents within 7 days from the date of publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone.
Naveen Kumar Verma, Advocate
F-211, Sector-3, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010
Contact: 09958871432

PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that my client Ms. Ishita Khurana D/o Anil Khurana owner of Flat no. 301 & 302, Front Side on third floor with roof rights, area measuring 60 sq. built on property no. H-2/15 out of Khasra no. 84/1/3 & 84/2, situated in the area of village Palam colony known as Mahavir Enclave, New Delhi, vide Sale Certificate dated 27.08.2018 doc no. 8649 and doc no. 8650 in SRO IX Delhi from Central Bank of India, vide Auction and same to be sold Shri Sanjay Deshwal and Smt. Mamta and same property to be loan financed by AAVAS Financiers Ltd. branch RP Delhi. If any person is having objection right of claim against the said property, contact to undersigned along with supporting documents within 7 days from the date of publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone
Naveen Kumar Verma, Advocate,
F-211, Sector-3, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010, Contact: 09958871432

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

हौजखास, दिल्ली शाखा
नंबर 2, कौशल्या पार्क, हौजखास, नई दिल्ली–110016
ई–मेल : Br.9049@syndicatebank.co.in

कब्जा सूचना [परिशिष्ट 4 अधिनियम–नियम–8(1) के अधीन]

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने सिंडिकेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 18–12–2018 जारी की थी, जिसमें कर्जदार/सम्पत्ति स्वामी श्री/श्रीमती टेक्सग्रिड, अभिषेक चोपड़ा, अश्वनी चोपड़ा से सूचना में वर्णित बकाया राशि रू. 97,18,581/– (रू. सत्तानवे लाख अठारह हजार पांच सौ इक्यासी मात्र) का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/जमानती/सम्पत्ति स्वामी उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर सम्पत्ति स्वामी और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 18 मार्च, 2019 को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
कर्जदार/जमानती/सम्पत्ति स्वामी को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार सिंडिकेट बैंक, हौजखास शाखा की बकाया राशि रू. 1,01,56,681.07/– का भुगतान उस पर ब्याज एवं लागतों इत्यादि सहित करने के बाद ही किया जा सकता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 14, रोड नंबर जे–6, डीएलएफ कुतब एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स, फेज–II, गुड़गांव, हरियाणा–122001, जिसमें बेसमेंट + दो मंजिली आवासीय बिल्डिंग है, प्लॉट का आकार 420 वर्ग मीटर शामिल है, श्री अश्वनी चोपड़ा द्वारा स्वाधिकृत
चौहद्दी :– उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लॉट नंबर जे–6/13,
पूरब : प्लॉट नंबर जे–7/6, पश्चिम : प्लॉट नंबर जे–6/15
तिथि : 18–03–2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली सिंडिकेट बैंक

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति पवन कुमार, पुत्र श्री सत्यवान, निवासी गांव दुधी वाला, किशनपुरा, तहसील चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 698/14 धारा 279/337/338 भा.दं.सं. के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त पवन कुमार मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त पवन कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 698/14 धारा 279/337/338 भा.दं.सं. के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त व्यक्ति पवन कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.06.19 को हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राकेश कुमार–2 (उत्तर–पश्चिम)
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
DP/2022/OD/19 कमरा नं. 105, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय 37, हरगोविंद एन्क्लेव, विकास मार्ग, दिल्ली–110092
कार्पोरेट कार्यालयः 36, कौशांबी, निकट आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली–110092
फोन नंबरः 91–11–22373437, फैक्स नंबरः 91–11–22373537,
सीआईएनः एल74899डीएल1986पीएलसी023443,
ई–मेल आईडीः comsec@aplapollo.com
वेबसाइटः www.aplapollo.com

डाक मतदान सूचना दिनांकित 25 फरवरी, 2019 के विषय में शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र डाक मतदान सूचना दिनांकित 25 फरवरी, 2019 तथा व्याख्यात्मक विवरण के साथ पढ़ा जाएगा, जिसके संबंध में 06 मार्च, 2019 को समाचार पत्र में विज्ञापन दिया गया था। हम एतद्द्वारा कम्पनी के सदस्यों को सूचित करते हैं कि डाक मत पत्र प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि और ई–वोटिंग समाप्त होने की अंतिम तिथि असावधानीवश "बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल, 2019" के स्थान पर "शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2019" वर्णित की गई है। अतः जहां कहीं तिथि "शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2019" प्रकाशित हुई है उसको "बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल, 2019" के रूप में पढ़ें।
इस संबंध में, शेयरधारकों से निम्नलिखित नोट करने का अनुरोध किया जाता है:
1. डाक मत पत्र संवीक्षक के पास बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल, 2019 को कार्य समाप्ति के समय तक अथवा पूर्व पहुंच जाने चाहिए। इस तिथि के उपरांत प्राप्त डाक मत पत्र अवैध माने जाएंगे।
2. बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल, 2019 को अप. 5.00 बजे के बाद रिमोट ई–वोटिंग की गणना नहीं की जाएगी तथा अवैध मानी जाएगी।
डाक मतदान सूचना के साथ पठित व्याख्यात्मक विवरण और समाचारपत्र प्रकाशन दिनांकित 06 मार्च, 2019 की अन्य सभी विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेगी। यह शुद्धिपत्र कम्पनी की वेबसाइटः www.aplapollo.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर स्थापित किया जाएगा।

कृते एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड
हस्ता./–
दिनांकः 19–03–2019 अधीश स्वरूप
स्थानः नई दिल्ली (कम्पनी सचिव)

ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा, गुजरात–390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई–400 051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर, नई दिल्ली–110055

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

क्र. सं. (क)	कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या (ख)	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई (ग)	बकाया राशि (रू. में) (घ)	सुरक्षित मूल्य (रू. में) (ङ)	धरोहर राशि जमा (रू. में) (च)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय (छ)	नीलामी की तिथि एवं समय (ज)
1.	संजीव सभरवाल (कर्जदार), शशि सभरवाल (सह कर्जदार) – LBNOD00001584400	फ्लैट नंबर –0312, तीसरी मंजिल कबाना, टॉवर नंबर–ए, सेक्टर –5, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, क्षेत्र – 670 वर्ग फीट	रू. 40,13, 369/- (मार्च 07, 2019 तक)	रू. 31,00, 000/-	रू. 3,10, 000/-	अप्रैल 15, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से 2.00 बजे तक	अप्रैल 30, 2019 पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 1:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक– "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **अप्रैल 29, 2019 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'च' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई–1, झंडेवालान एक्सटेंशन, रानी झांसी रोड दिल्ली–110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली– 110034** स्थित कार्यालय में **अप्रैल 29, 2019 को** अथवा **पूर्व अप. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8584874809/8657476284** पर अथवा **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** के **9910453434** पर सम्पर्क करें।
केवल बैंक/ई–नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें :
https://www.icicibank.com/notice-board/properties-for-sale/properties.page?

हस्ता./–
तिथि : मार्च 20, 2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड